ऑनलाइन गेमिंग से रुपए ठगने वाले चार गिरफ्तार

जयपुर। रामनगरिया थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लाखों रुपए की ठगी करने वाले चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि यह गैंग चेन सिस्टम के जरिए काम कर लोगों को लालच में फंसा कर रुपए ठगती है। पुलिस पकड़े जाने से बचने के लिए दूसरों का बैंक अकाउंट व सिमकार्ड यूज करती है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रामनगरियान थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी सिकंदर (28) निवासी जीणमाता सीकर, सुशील कुमार (24) निवासी कुमावतों का मोहल्ला बाजोर सीकर, कृष्ण कुमावत (22) निवासी उदयपुरवाटी झुंझुनूं और अनिल यादव (27) निवासी गोविन्दगढ़ जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जगतपुरा के शीशा जंक्शन के सामने बिल्डिंग में आरोपी सिकंदर फ्लैट लेकर रहता है। इसी फ्लैट से अपने साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग कर ठगी कारोबार करते हैं। इस पर एक पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम के फ्लैट पर दबिश देकर चारों संदिग्धों को पकड़ने पर ऑनलाइन गेमिंग कर ठगी गैंग चलने का पता चला। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

'वन विभाग संशोधित पीकेसी के कार्यों में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है'

जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से परियोजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाएगा : जल संसाधन मंत्री

जयपुर । जल संसाधन विभाग कार्यालय, जयपुर में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की उपस्थिति में संशोधित पीकेसी (ईआरसीपी) परियोजना के अंतर्गत वन विभाग से संबंधित कार्यों एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया, जिनमें वन विभाग के कार्य और उनके समन्वय की भूमिका अहम बताई गई। इस परियोजना के माध्यम से राज्य में जल प्रबंधन में सुधार लाने का लक्ष्य है और इसके लिए वन विभाग के सहयोग की आवश्यकता भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने संशोधित पीकेसी परियोजना के अंतर्गत वन विभाग से संबंधित कार्यों एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय इस परियोजना को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यों के लिए वन विभाग का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण होगा। वे हर कदम पर राज्य सरकार के साथ खड़े रहेंगे।

यादव ने कहा कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन, पर्यावरण और वन्य जीव से संबंधित आवश्यक क्लीयरेंस समयबद्ध रूप से प्रदान की जाएंगी। इससे परियोजना तय समय सीमा में पूर्ण हो सकेगी।

बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका सहयोग इस परियोजना की सफलता में अहम भूमिका निभाएगा। जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से इस परियोजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जा सकेगा, जिससे राज्य के जल संकट को सुलझाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, अभय कुमार सहित जल संसाधन विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सार-समाचार

मीट की अवैध सात दुकानें सीज की

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने शनिवार को मोती डूंगरी इलाके में बिना लाइसेंस और खुले में मीट बेचने पार सात दुकानों को सीज कर दिया। इस दौरान निगम दस्ते से अभद्रता और गाली गलौज करने पर निगम की ओर से लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम महापौर और आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर पशु प्रबंधन शाखा ने मोती डूंगरी इलाके में जीवा चौधरी की गली, हकीम की गली और कमेला की गली में मीट की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों से लाइसेंस मांगने पर स्थानीय लोग निगम दस्ते से अभद्रता करने लगे और गाली गलौज करते हुए हाथापाई पर उतारू हो गए। ऐसे में सतर्कता शाखा के सहयोग से पशु प्रबंधन शाखा के दस्ते ने सात दुकानों को सीज कर दिया। चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों से टीम ने समझाइश भी की, साथ ही बिना लाइसेंस दुकान चलाने और खुले में मीट नहीं बेचने का हवाला दिया, लेकिन दुकानदार उग्र होते गए और दस्ते के साथ अभद्रता करने लगे। इस पर उच्चाधिकारियों को स्थिति का अवगत कराया गया और निर्देश पर लालकोठी पुलिस थाने में राज कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस को मौके के वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराए गए है।

मुंबई से जयपुर आई महिला की चेन तोड़ी

जयपुर। राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में महिला के गले से सोने की चेन तोड़ने का मामला सामने आया है। महिला अपनी सहेली से मिलने मुंबई से जयपुर आई थी। पावर बाइक पर हेलमेट लगाकर आए बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। श्याम नगर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर बाइक सवार चेन स्नेचरों की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि चेन स्नेचिंग की वारदात मुंबई की रहने वाली संध्या झंवर के साथ हुई। वह अपनी सहेली से मिलने के लिए मुंबई से जयपुर के श्याम नगर में रहने वाली सहेली सुमन मित्तल के यहां आई हुई थी। गुरुवार दोपहर को दोनों सहेलियां घर से कूरियर करवाने के लिए निकली थीं। पार्थ कॉलोनी से जाते समय पावर बाइक पर हेलमेल लगाए दो बदमाश आए। बाइक को आगे लगाकर पीछे बैठे बदमाश ने संध्या के गले पर झपट्टा मारकर गोल्ड चेन तोड़ ली। बदमाश से संघर्ष के चलते आधी चेन उनके हाथ में रह गई। बदमाश गोल्ड की आधी चेन और डायमंड लॉकेट ले गया। चिल्लाते हुए शोर मचाकर पीछा करने पर दोनों बदमाश बाइक से तेजी से फरार हो गए। चेन स्नेचिंग की सूचना पर श्याम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वारदातस्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार लुटेरों की करतूत कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों को ढूंढ रही है।

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

जयपुर। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को सुबह नौ से ग्यारह बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की जाएंगी। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में होने महायज्ञ को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली संपन्न कराएंगी। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि गायत्री महायज्ञ में कोई भी शामिल हो सकता है। गोविंद देवजी, वेदमाता गायत्री और गुरू सत्ता का सोडशोपचार पूजन कर अग्नि प्रज्जवलन कर यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर प्रेरणादायी पुस्तकों की स्टॉल भी लगाई जाएगी। यहां लागत दर पर पुस्तकें उपलब्ध रहेगी। इस बार का यज्ञ विशेष रहेगा। कई गर्भवती महिलाएं भी यज्ञ में शामिल होंगी। उनके गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए विशिष्ट मंत्रों से खीर से विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। तीन से पांच माह की गर्भवती महिलाएं यज्ञ में शामिल हो सकती है। उनका गर्भोत्सव संस्कार कराया जाएगा। यह पूरी तरह निःशुल्क होगा। इस मौके पर आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें बताया जाएगा कि यदि मां चाहे तो मनचाही संतान पैदा कर सकती है।

वाहन चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे का सामान खरीदने के लिए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से चोरी के छह दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे का सामान खरीदने के लिए दुपहिया वाहन चुराने वाले रोहिताश निवासी अलवर हाल वाटिका रोड सांगानेर जयपुर और देवेन्द्र नायक निवासी चाकसू जयपुर हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने जयपुर शहर के सांगानेर सदर, प्रताप नगर, मालवीय नगर और सांगानेर से चुराए गए छह दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है।जिन्हे सीतापुरा रीकों पुलिस के नीचे चोरी की स्कूटी को बेचने के फिराक में घूमते हुए पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी चोरी किए गए दुपहिया वाहनों को दूसरे शहर में जाकर बेचने का प्लान बना कर चुराया है। जिन्हे चुरा कर वह सचिवालय नगर सीतापुरा में स्थित एक खाली प्लाट में छुपा कर रखते थे। आरोपित नशा करने के आदि है और नशा करने लिए वाहन चुराते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 23 फरवरी तक किए जा सकेंगे आवेदन

जयपुर। प्रदेश के छात्र-छात्राओं की मांग पर विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग की तिथि एक बार फिर बढ़ाई है। अब आवेदक 23 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि पूर्व में विभाग द्वारा 15 फरवरी निर्धारित की गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन एसएसओ पोर्टल के द्वारा लॉगिन कर सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना के आइकन के माध्यम से सीधे ही अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर एसजेएमएस ऐप पर जाकर सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना के विकल्प का चयन कर 23 फरवरी 2025 तक विभाग को ऑनलाइन भर सकते हैं।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से दो चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर करण सिंह मीणा निवासी बालाघाट जिला करौली को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरी के वाहन भी जब्त किए गए है।

आईफा के आयोजन से प्रदेश में पर्यटन के नये आयाम खुलेगें : दिया कुमारी

जयपुर । आईफा अवार्ड- 2025 के आयोजन से प्रदेश के पर्यटन की नई पहचान स्थापित होगी। प्रदेश में नये पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। पारम्परिक क्षेत्रों के साथ नये क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नये अवसर सृजित होगे ओर सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

यह बात शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिविल लाईन्स स्थित कार्यालय पर पत्रकारों के लिए आयोजित स्नेह भोज में कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आईफा की तरह बड़े आयोजन प्रदेश में आयोजित करवायें जायेगें ताकी प्रदेश के पर्यटन में बढोत्तरी हो और प्रदेश को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हों। इस दोरान उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक और सोशल मिडिया प्लेटफार्म्स से जुड़े पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा की सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक सही तरीके से पहुचाने में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस दोरान उन्होंने पत्रकारों से बजट सहित विभिन्न मुद्दौ पर चर्चा की और उनके सुझाव लिए। उन्होंने पत्रकारों की समस्यायें भी सुनी और उनके सकारात्मक समाधान का आश्वासन भी दिया।

- **'हर वर्ष आईफा की तरह बड़े आयोजन प्रदेश में करवायें जायेगें ताकी प्रदेश के पर्यटन में बढोत्तरी हो'**

अपहरण कर लूटने वाले गिरोह की एक महिला सहित पांच बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपने गिरोह के मोबाइल नम्बर फीड कर आमजन को अपने चूंगल मे फंसाकर अपहरण व डरा धमका कर लूटपाट करने वाली गिरोह के एक महिला सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में एक होटल का संचालक भी शामिल है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि पुर। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपने गिरोह के मोबाइल नम्बर फीड कर आमजन को अपने जंगल मे फंसाकर अपहरण एव डरा धमका कर लूटपाट करने वाले 23 वर्षीय कलीमुनिशा उर्फ निशा पुत्री अकबर मुल्ला निवासी बलरामपुर शहर यूपी, 32 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी नारखेडा खैरथल तिजारा, 24 वर्षीय साहिल कुमार शर्मा पुत्र नवनीत कुमार शर्मा निवासी खैरथल, 27 वर्षीय अनूप यादव पुत्र अशोक कुमार निवासी आनंदपुर कोटपूतली, 21 वर्षीय ललित यादव पुत्र धनपत सिंह निवासी कालू का खैरथल तिजारा और 25 वर्षीय राहुल चौधरी पुत्र बाबूलाल जाट निवासी गौतम पथ रामनगर सोडाला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच पड़ताल में सामने आया है कि अपहरण एव लूट की वारदात को अंजाम देकर आरोपी मोबाइल से साक्ष्य डिलीट कर फरार हो जाते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी किसी को डराने-धमकाने के लिए एक महिला का उपयोग करते थे। इस गिरोह की मदद करने वाले एक होटल संचालक को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों को दो सौ फीट बाइपास स्थित होटल ब्लैक रॉक से गिरफ्तार किया है। आरोपी पीडित से यूपीआई स्कैन सिस्टम से रुपए लेते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आठ फरवरी को विद्याधरनगर जयपुर निवासी पीडित ने मामला दर्ज करवाया की सात फरवरी को एक बजे वह मोबाइल पर गुगल एप्पस पर शादी के लिए लड़की सर्च कर रहा था। इसी दौरान उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन पर क्लिक करते ही उसके वाट्सअप पर एक कॉल आया। उसने कॉल पर बातचीत शुरू कर दी। आरोपी ने उसे एक लोकेशन भेज कर मिलने बुलाया।

वह उबर लेकर मोबाइल धारक की भेजी लोकेशन पर पहुंचा। विवेक विहार मेट्रो स्टेशन पर उसे एक सफेद वैगनआर दिखाई दी। गाड़ी में से चालक सहित चार लोग बैठे थे।

दो महिलाओं का पर्स छीना

जयपुर। शहर में बाइकर्स गैंग ने दो महिलाओं का पर्स छीनकर ले गए। पर्स में नकदी व अन्य सामान रखा था। कृष्णा विहार निवासी महिपाल सिंह ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बाजार जा रही थी इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और महिला के हाथ से बैग छीनकर ले गए। बैग में उसका पर्स रखा था। पर्स में 25700 रुपए सहित अन्य सामान रखा था। घटना 12 फरवरी की शाम करीब पौने पांच बजे की है। घटना के बाद पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस पर महिला ने पति ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं रंगोली गार्डन निवासी अनुजा यादव ने वैशाली नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

जनभागीदारी से बदलेगी राजस्थान में स्वच्छता की सूरत : राजेश यादव

जयपुर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नई टूलकिट की विस्तृत जानकारी एवं 15 फरवरी, 2025 से प्रारंभ होने वाले फिल्ड असेसमेंट की तैयारियों के संबंध में इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्था, जयपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य की समस्त नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित नोडल अधिकारी प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला में आए।

स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। यादव ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के साथ सफाई की समस्या भी बढ़ी है। उन्होनें कहा कि आमजन को इस कारण कोई समस्या न हो तथा उन्हें स्वच्छ वातावरण मिलें इसके लिए हम कटिबद्ध है। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन के एफएसटीपी, सीवरेज सिस्टम, ग्रीन स्पेस सहित अन्य संकेतकों पर विशेष ध्यान दें, जिससे की राजस्थान की रैंकिंग बेहतर बन सके। आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही इस अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपने-अपने निकायों में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना भी लगायें। इस अवसर पर उन्होनें नोखा, नाथद्वारा सहित अन्य निकायों की भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये गये कार्यो की तारीफ की। यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को हमें साथ मिलकर एक नई ऊँचाई पर ले जाना है। जितना स्वच्छ भारत मिशन सफल होगा उतना ही हमारे राजस्थान का नाम देश में चमकेगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नई टूलकिट की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यशाला आयोजित।

राजेश यादव ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 जनवरी, 2025 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नई टूलकिट जारी की गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए पूर्व में कुल 9500 अंक निर्धारित किये गये थे जिन्हें अब बढ़ाकर 12500 अंक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकाय क्षेत्र की जनसंख्या अनुसार मापदण्डों का निर्धारण तथा "सुपर स्वच्छ लीग, सीटीयू रूपान्तरण, विद्यालयों का असेसमेंट जैसे बिन्दुओं को भी असेसमेंट में सम्मिलित किया गया है। नये टूलकिट के अनुसार असेसमेंट के दौरान स्वच्छतम पोर्टल पर किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर पाये जाने की स्थिति में नेगेटिव मार्किंग भी की जायेगी।

निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इन्द्रजीत सिंह ने नगरीय निकायों को सफाई व्यवस्था के स्तर में व्यापक सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि सभी नगरीय निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर रैंकिंग के लिए सफाई व्यवस्था का प्रभावी प्लान बनाना होगा।

- **स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नई टूलकिट एवं फिल्ड असेसमेंन्ट की तैयारियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन**

आरोपियों की तलाश में जुटी पांच टीमें

जयपुर। झोटवाड़ा थाना इलाके में एयरटेल पेमेंट बैंक के कैश कलेक्शन एजेंट से पांच लाख रुपए लूट के मामले में बदमाशों को पकड़ने के लिए पांच टीमों का गठन किया है।

टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों को खंगालने के साथ सीसीटीवी फुटेज देख रही है। फिलहाल बदमाशों को लेकर कोई सुराग नहीं लग पाया है। थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि एजेंट से पांच लाख लूट के मामले में टीमों का गठन कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार को कार सवार 4 से 5 बदमाशों ने एयरटेल पेमेंट बैंक के कैश कलेक्शन एजेंट से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी 20 सेकेंड में 5 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।

इस घटना का शनिवार को वीडियो सामने आया है। इसमें सभी बदमाशों ने कपड़े से चेहरा छुपा रखा है। बदमाश डंडे से पीटकर बैग छीनते दिख रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने उस पर पिस्तौल भी तान दी थी। पुलिस अब सीसीटीवी के आधार पर वारदात करने वालों की पहचान करने में जुटी है। लूट की वारदात विद्याधर नगर के ढेहर का बालाजी निवासी पीयूष अग्रवाल (45) के साथ हुई। वह एयरटेल पेमेंट बैंक में कैश कलेक्शन एजेंट है। 10 जनवरी से ही पीयूष ने कैश कलेक्शन का काम शुरू किया था।

रोज की तरह शुक्रवार की सुबह पीयूष कमानी चौराहा स्थित फ्लिपकार्ट कंपनी के ऑफिस से कैश कलेक्शन के लिए गया था। कैश लेकर निकलते समय उनके बैग में 5 लाख रुपए रखे थे। हेलमेट लगाकर बाइक पर बैठते समय ही पीछे से स्विफ्ट कार आई। कार से चार-पांच नकाबपोश बदमाशों ने उतरकर उसे पकड़ लिया। एक बदमाश ने जेब से पिस्तौल निकालकर पीयूष पर तान दी। हाथ में डंडा लेकर आया बदमाश बैग छीनने लगा।

- **झोटवाड़ा थाना इलाके में एयरटेल पेमेंट बैंक के कैश कलेक्शन एजेंट से पांच लाख रुपए लूट के मामला**

महाकुंभ में युवा भारत धर्म से जुड़ गया : सुधांशु जी महाराज

जयपुर। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक और देश के जाने माने अध्यात्मवेत्ता आचार्य सुधांशु जी महाराज ने 144 साल बाद आए महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के तीर्थराज प्रयाग में आयोजित यह दिव्य एवं भव्य आध्यात्मिक समागम है।

उन्होंने सबको महाकुंभ की बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे देश का युवा अपने सनातन धर्म से जुड़ते दिखाई दे रहा है। महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में स्नान, जप एवं पूजन करते हुए पुण्य कमाया है, लेकिन इसमें विशेष बात यह है कि 50 करोड़ में से आधे लोग 17 से 35 वर्ष आयु के युवा हैं। आचार्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि गंगा भक्ति, यमुना कर्म और सरस्वती ज्ञान की प्रतीक हैं और उन्होंने कहा कि वेदों में ज्ञान, कर्म और उपासना को तीन विभाग माना गया है। पूज्य गुरुदेव ने गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम के बारे में विस्तार से बताया और महाकुंभ में करोड़ों लोगों की आस्था और भागीदारी को सनातन धर्म में जागृति की संज्ञा दी। आचार्य ने कहा कि यज्ञ, दान और तप धर्म के तीन स्तम्भ है। यज्ञ को श्रेष्ठ कर्म बताते हुए उन्होंने कहा कि परोपकार और मानव कल्याण के लिए तथा दूसरों के उत्थान के लिए जो कार्य किए जाते हैं, वे श्रेष्ठ यज्ञ हैं। हम जैसा व्यवहार ख़ुद के लिए चाहते हैं वैसा दूसरों के साथ करेंगे यही धर्म है। जब व्यक्ति में यह भावना जागृत होती है कि मैं देने वाला बन जाऊँ तो दान पुण्य की यह भावना परलोक तक साथ चलने वाली करेंसी में बदल जाती है। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि देश भक्ति और श्रद्धा की भावना जीवन को दांव पर लगाने पर मजबूर कर देती है।

बॉक्सिंग को मैंने नहीं, बॉक्सिंग ने मुझे चुना : विजेन्द्र सिंह

जयपुर। बॉक्सिंग को मैंने नहीं, बॉक्सिंग ने मुझे चुना ये कहना है ओलम्पिक में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए देश को बॉक्सिंग में पहली बार पदक दिलाने वाले बॉक्सर विजेन्द्र सिंह का। वे शनिवार को स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) के पच्चीसवें वार्षिकोत्सव समारोह 'प्रवाह 2025 - अतुल्य भारत' में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए थे।

इस अवसर पर विजेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए अपने संघर्ष की कहानी बयां की और बताया कि कैसे एक छोटे से गांव से निकलकर ओलम्पिक तक का सफर तय किया। जयपुर से विशेष प्रेम एवं लगाव की बात कहते हुए उन्होंने बताया कि 2004-05 के दौरान जयपुर रेलवे में ही टिकट कलेक्टर के रूप में पहली नौकरी की थी, इसके बाद ही एक विजन देखा और उसे साकार किया। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग सेटअप की शुरुआत भी जयपुर से ही करूंगा। आयोजन के दौरान प्रेम लोछब (आईआरएसईई अधिकारी) अध्यक्षीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, इसके बाद तीन दिवसीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स फेस्ट 'आवेग-2025' का शुभारंभ हुआ। समारोह में कॉलेज के चेयरमैन सूरजाराम मील, वाइस चेयरमैन अनिल बाफना, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर अकादमिक प्रो. एस.एल. सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील और डीन प्रो. आर.के. जैन समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे एवं उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया।

बॉक्सर विजेंद्र सिंह

ओलम्पिक पदक विजेता विजेन्द्र सिंह ने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि कभी भी निराश ना हो, शुरूआत कहीं से भी की जा सकती है। बूरा वक्त भी ऐसे ही निकल जाएगा, जीवन को एंजॉय कीजिए। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी को देखते हैं एवं वैसा ही बनना चाहते हैं, तो कहीं ना कहीं मोटिवेशन मिल ही जाता है। उन्होनें पहले हॉकी फिर एथलेटिक्स से शुरूआत करने पर आने वाली आर्थिक समस्याओं का किस्सा सुनाया, फिर बॉक्सिंग का रूख किया। उन्होंने अपने कॅरिअर में विभिन्न ओलम्पिक के दौरान के किस्से, बॉलीवुड में काम समेत अन्य वाक्ये सांझा करते हुए स्टूडेंट्स को मोटिव किया।

40 से अधिक कॉलेज ने की शिरकत : स्पोर्ट्स फेस्ट में पूरे राज्य के 40 से अधिक कॉलेजों के छात्र शामिल हुए। स्टूडेंट्स में खेल का जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। फेस्ट के पहले दिन बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, रस्साकशी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और फुटबॉल सहित कई खेल स्पर्धाएँ आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

- **तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट के पहले दिन प्रदेशभर के 40 कॉलेज से स्टूडेंट्स ने की शिरकत।**